<u>समाचार</u>

# निगम द्वारा तेजी से किए जा रहे सड़क मरम्मत सुधार के कार्य



कोरबा 11 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत के कार्य तेजी के साथ किए जा रहे हैं, आवश्यकतानुसार डामरीकरण एवं सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से सड़कों का सुधार व मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पूर्व में किए गए सड़क डामरीकरण व मरम्मत कार्यो के अतिरिक्त अभी हाल में वार्ड क्र. 06, वार्ड क्र. 18, वार्ड क्र. 31 की विभिन्न सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया गया है।

बरसात के दौरान अधिक वर्षा व पानी के बहाव के कारण निगम क्षेत्र की अनेक सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी, सड़कों पर गड्ढ़े हो गए थे, आवागमन में कठिनाईयां हो रही थी तथा इनमें सुधार व मरम्मत कार्य आवश्यक था, बरसात खत्म होते ही महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व सुधार का कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को

दिए थे, विगत लगभग एक माह से निगम द्वारा इन सड़कों की मरम्मत व सुधार का कार्य अनवरत रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व में किए गए सड़क मरम्मत कार्यो के साथ–साथ वार्ड क्र. 06 इतवारी बाजार रोड, वार्ड क्र. 18 बालको बाईपास रोड, वार्ड क्र. 31 दादरखुर्द खरमोरा रोड, वार्ड क्र. 04 रानी रोड, वार्ड क्र. 61 कुचैना कुसमुण्डा रोड में सड़कों का डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से मरम्मत व सुधार का कार्य अभी हाल में ही कराया गया है। इसी प्रकार दर्री बराज पुल सड़क की मरम्मत का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है, सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से गड्ढ़ों को भरकर समतलीकरण का कार्य पूर्ण किए जाने के पश्चात बराज पुल सड़क का डामरीकरण कार्य कराया जाएगा।

**दर्जनों सड़कों की मरम्मत कर आवागमन को सुगम बनाया गया**– इसके पूर्व नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के दर्जनों मुख्य मार्गो व आंतरिक सड़कों का डामरीकरण एवं सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से मरम्मत व सुधार कार्य कर इन सड़कों पर आवागमन को सुगम व सुविधाजनक बनाया गया है। निगम द्वारा महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से तिलक भवन गुरूघासी दास चौक की ओर जाने वाली सड़क, महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर की जाने वाले मुख्य मार्ग, जैन चौक से तानसेन चौक जाने वाली व्ही.आई.पी. रोड, साकेत भवन के सामने से तहसील कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क तथा केनाल शनिमंदिर रेलवे स्टेशन रोड आदि सड़कों का डामरीकरण के माध्यम से मरम्मत व सुधार कार्य निगम द्वारा कराया गया है। इसी प्रकार दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले श्यामनगर, लाटा, कुमगरी तथा टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों की मरम्मत का कार्य सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से किया गया है, वहीं इमलीडुग्गू से बरबसपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के सैकड़ों छोटे–बड़े गड्ढ़ों को भरकर निगम सीमा के अंदर मार्ग का मरम्मत कार्य कराकर आवागमन को सुविधापूर्ण बनाया गया है।